संख्या- 3/2016/135 /बयालिस-2016-09(निर्माण)/2014टी0सी0

प्रेषक,

अनिल कुमार,
अनु सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

निदेशक,
खेल,
उत्तर प्रदेश लखनऊ।

खेल अनुभाग **लखनऊ : दिनांक : 20 जनवरी, 2016**

विषय- पुनर्विनियोग के माध्यम से धनराशि उपलब्ध कराने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अपने पत्र संख्या- जी- 1299/नि0 सैफई क्रिकेट स्टे0 पत्रा0/2015-16, दिनांक 05 जनवरी, 2016 एवं शासनादेश संख्या- 59/1868/बयालिस-2015-09(निर्माण)/2014, दिनांक 13 अगस्त, 2015 के सन्दर्भ में मुझे आपसे यह कहने का निदेश हुआ है कि श्री राज्यपाल महोदय संलग्न बी0एम0- 9 (भाग- 1) प्रपत्र संख्या- 57/बयालिस-2016-09(निर्माण)/2014टी0सी0, दिनांक 20 जनवरी, 2016 के अनुसार पुनर्विनियोग के माध्यम से रू0 2373.01 लाख (रू0 तेईस करोड़ तिहत्तर लाख एक हजार मात्र) की अतिरिक्त धनराशि सैफई स्पोर्टस कालेज, सैफई जनपद इटावा में निर्माणाधीन अन्तर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम के निर्माण हेतु पुनर्विनियोग के माध्यम से उक्त धनराशि अवमुक्त किये जाने पर निम्नलिखित शर्तों के अधीन सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं :-

(1)- उक्त स्वीकृत धनराशि रू0 2373.01 लाख (रू0 तेईस करोड़ तिहत्तर लाख एक हजार मात्र) निदेशक, खेल द्वारा कोषागार से आहरित करके निर्माण इकाई राजकीय निर्माण निगम को उपलब्ध करायी जायेगी। उक्त धनराशि की स्वीकृति वित्तीय वर्ष- 2015-16 में उपलब्ध बजट के अन्तर्गत दी जा रही है।

(2)- शासनादेश संख्या- 59/1868/बयालिस-2015-09(निर्माण)/2014, दिनांक 13 अक्टूबर, 2015 की शेष शर्तें यथावत रहेगी।

(3)- उक्त स्वीकृत धनराशि का आहरण वास्तविक आवश्यकतानुसार किया जायेगा तथा धनराशि को लम्बे समय तक पी0एल0ए/डिपाजिट खाते/बैंक/डाकघर में नहीं रखा जायेगा।

(4)- स्वीकृत धनराशि का आहरण वास्तिविक अवस्थानुसार किया जायेगा।

....2

http://shasanadesh.up.nic.in

2- उक्त मद में होने वाला व्यय वित्तीय वर्ष- 2015-16 के अनुदान संख्या- 22 के लेखाशीर्षक 4202-शिक्षा, खेलकूद, कला तथा संस्कृति पर पूंजीगत परिव्यय-आयोजनागत-03-खेलकूद तथा युवा सेवा-800-अन्य व्ययय-91-सैफई स्पोर्टस कालेज, इटावा में अन्तर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम का निर्माण-24-वृहत निर्माण कार्य के नामे डाला जायेगा।

संलग्नक : यथोक्त।

भवदीय,

अनिल कुमार
अनु सचिव।

संख्या- 3/2016/135(1)/बयालिस-2016-तद्दिनांक :-

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-

(1)- महालेखाकार, उ0प्र0 (लेखा एवं हकदारी) प्रथम/द्वितीय उ0प्र0 इलाहाबाद।
(2)- महालेखाकार (लेखा परीक्षा) प्रथम/द्वितीय उ0प्र0 इलाहाबाद।
(3)- मुख्य कोषाधिकारी, जवाहर भवन लखनऊ।
(4)- जिलाधिकारी, इटावा।
(5)- प्रबन्ध निदेशक, राजकीय निर्माण निगम, लखनऊ।
(6)- क्षेत्रीय क्रीड़ाधिकारी, कानुपर/क्रीड़ाधिकारी, सैफई (इटावा)।
(7)- प्रधानाचार्य, सैफई स्पोर्टस कालेज, सैफई।
(8)- वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग- 1/2
(9)- वित्त (व्यय-नियंत्रण) अनुभाग- 5
(10)- गार्ड फाईल/कम्पयूटर प्रति।

आज्ञा से,

(अनिल कुमार)
अनु सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in